प्रथम सूचना रिपोर्ट

1.जिला गुडगांव थाना एस.वी.बी वर्ष 2016 प्र.सू.रि.स 12 दिनांक 13.06.2016

2.अधिनियम पी0सी0 एक्ट 49/1988 धाराएं 7 पी0सी0 एक्ट

अन्य अधिनियम एंव धाराएं –

(क) घटना का दिन सोमवार दिनांक से दिनांक 13.06.2016

(ख) थाने पर प्राप्त सूचना दिनांक 13.06.2016 समय 11:35 ए.एम.

(ग) (रोजनामचा संदर्भ) (प्राविष्टि संख्या) 7 समय 11:40 ए.एम.

4.(सूचना कैसे प्राप्त हुई) बजरिया स्पैशल मैसेंजर (लिखित/मौखिक) : लिखित

5. घटना स्थन का ब्यौरा (क) (थाने से दिशा एंव दूरी) जानिब पूर्व–दक्षिण

(ख) पता : तहसील नगीना (मेवात)

(ग) (यदि इस थाने की सीमा से बाहर हो, तब उस) (उस थाने का नाम)– नगीना जिला मेवात।

6. (शिकायतकर्ता/इतला देने वाला) :–

(क) नाम : खलील अहमद (ख) (पिता/पति का नाम) श्री मौहम्मद युनूस

(ग) (जन्म तिथि) (घ) (राष्ट्रीयता) भारतीय

(ड) पासपोर्ट सं0

(जारी करने की तिथि) (जारी करने का स्थान)

(च) (व्यवसाय) (पता) कैथवाडा तहसील पहाडी, जिला भरतपुर(राज0)

7. (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्तों का पूर्ण विवरण)

1. अनिल कुमार
   रीडर तहसीलदार, नगीना
   (मेवात)

POLICE STATION S.V.B. (H) Gurgaon Range Gurgaon

इस समय एक तहरीर हिन्दी हस्ताक्षरी निरीक्षक कुलवन्त सिंह PS SVB गुडगांव बदस्त ASI विजय कुमार 1268/GGN बराये कायमी मुकदमा थाना मे प्राप्त हुई। जिसका विषय इस प्रकार से है, '' सेवा मे DIG साहब राज्य चौकसी ब्यूरो गुडगांवा श्रीमान जी, सविनय निवेदन यह है कि खलील अहमद पुत्र श्री मौहम्मद युनूस निवासी ग्राम कैथवाडा तहसील पहाडी जिला भरतपुर(राज0) का रहने वाला हुँ। मैने सुमेरी पुत्र छोटे खॉ पुत्र उमेद खॉ उर्फ सल्लू निवासी ग्राम अटेरना शमसाबाद थाना नगीना जिला मेवात से 19 कनाल 12 मरला जमीन खरीदने का ईकरारनामा दिनांक 24.09.2015 को तहसील फिरोजपुर झिरका मे 45 लाख रुपये मे खरीद करने का किया था मैने 30 लाख रुपये उसी दिन

सुमेरी पुत्र छोटे खॉ उपरोक्त को नकद दे दिये थे तथा 15 लाख रुपये रजिस्ट्री वाले दिन दिनांक 10.6.2016 को देने थे। मै दिनांक 10.06.2016 को 15 लाख रुपये का ईन्तजाम करके व स्टाम्प पेपर का ईन्तजाम करवाकर तहसील नगीना मे पहुंचा जहा मै शाम 5 बजे तक तहसील कार्यालय नगीना मे हाजिर रहा परन्तु शाम पांच बजे तक सुमेरी पुत्र छोटे खॉ हाजिर नही आया मैने अपनी हाजरी तहसीलदार कार्यालय मे लगवा ली जहा तहसीलदार के रीडर अनिल कुमार ने मेरी हाजरी लगवाकर मुझसे कहा कि आपका काम मैने पक्का कर दिया है और मुझे मेरा हाजरी का हल्फनामा देने की एवज मे 20,000/– रुपये मांगे मैने काफी विनती की तो वह 10,000/– रु0 मे मान गया मैने कहा अभी तो मेरे पास पैसे नही है उसने कहा 13.6.2016 को 10000/– रु0 लेकर आ जाओ मै आपको आपका हाजरी पत्र दे दूगां। मै अनिल कुमार रीडर को रिश्वत देना नही चाहता। मेरी अनिल कुमार से कोई रंजिश नही है और ना ही लेन–देन बकाया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए। मै अनपढ हुॅ केवल उर्दू जानता हुॅ, इसलिए यह दरखास्त मैने आपसे लिखवाई है। हस्ता0 उर्दू– खलील अहमद S/o मौहम्मद युनूस निवासी ग्राम कैथवाडा Mob- 7568481902 कार्यवाही पुलिस– आज मन निरीक्षक हाजिर कार्यालय SVB गुडगांवा हूॅ कि खलील अहमद S/o मौहम्मद युनूस गांव कैथवाडा तहसील पहाडी जिला भरतपुर (राज0) द्वारा की हुई शिकायत DIG साहब विजीलैन्स से मार्कशुदा मन निरीक्षक को पेश हुई। इस दरखास्त के मजबून से सरेदस्त जुर्म 7 PC ACT का होना पाया गया। जिस पर मन निरीक्षक ने एक रैडिंग पार्टी तैयार की जिसमे उप निरीक्षक सुभाष न0 353/H, उप निरीक्षक सत्यप्रकाश न0 131/GGN, ASI सतीश कुमार 1706/FBD, HC वेदपाल 1204/GGN को शामिल किया तहरीर हजा बराये कायमी मुकदमा बदस्त ASI विजय कुमार 1268/GGN अरसाल थाना है को हिदायत की कि मुकदमा दर्ज रजिस्ट्रर करवाकर नम्बर मुकदमा से सूचित करे। स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मजिस्ट्रेट व अफसरान बाला की सेवा मे बिना किसी देरी के भिजवाई जाए। मन निरीक्षक मय रैडिंग पार्टी मय मुदई तफतीशी बैग व लैपटॉप सहित बा सवारी गाडी सरकारी न0 HR-03K 1781 चालक HC जोगेन्द्र सिंह न0 2361/FBD के रवाना उपायुक्त कार्यालय नुंह का होता हुॅ। हस्ता– कुलवन्त सिंह निरीक्षक PS SVB गुडगांवा dt 13.06.2016 at 11:30 AM" अज थाना– आमदा तहरीर पर मुकदमा हजा बा जुर्म मजकूर दर्ज रजिस्ट्रर किया गया। प्रथम सुचना रिपोर्ट की पांच प्रतियां बजरिया कार्बन एक ही समय में चाक की गई, जो सेवा में अफसरानबाला व ईलाका मजिस्ट्रेट साहब नूंह मेवात भेजी जाएगी। एक पर्त FIR बतौर स्पैशल रिपोर्ट सेवा मे ईलाका मजिस्ट्रेट साहब नूंह मेवात बदस्त आरिन्दा ASI विजय कुमार न0 1268/GGN भेजी जा रही है। असल मिशल पुलिस मय आमदा तहरीर भी मौका पर पहॅुचाने हेतु इसी आरिन्दा ASI के हवाले की गई।

Attested
Rh

POLICE STATION S.V.B. (H)
Gurgaon Range Gurgaon

हस्ता हिन्दी/– जयभान त्यागी
थाना प्रभारी का नाम
नाम : जयभान त्यागी
पद : निरीक्षक
सख्यां : 245/G